राज्य शहरी आजीविका मिशन, (एस०यू०एल०एम०)

(राज्य नगरीय विकास अभिकरण,– सूडा उ.प्र.)

प्रथम तल,पर्यटन भवन,विपिन खण्ड,गोमती नगर, लखनऊ 226010

दूरभाष एवं फैक्सः 0522–2307798 e-mail:nulmup@gmail.com ebsite:www.sudaup.org

पत्रांक 556 /241/एनयूएलएम/तीन/2001(CB&T)-TC दिनांक 28.7.16

सेवा में,

1. समस्त जिलाधिकारी/अध्यक्ष,
   जिला नगरीय विकास अभिकरण, उ0प्र0।
2. समस्त परियोजना निदेशक/सिटी प्रोजेक्ट ऑफिसर,
   जिला नगरीय विकास अभिकरण/शहर मिशन प्रबन्धन इकाई,
   उ0प्र0।

विषयः–राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन के अन्तर्गत शहर मिशन प्रबन्धकों एवं सामुदायिक आयोजकों के वास्तविक यात्रा भुगतान के संबंध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक इस कार्यालय के पत्र संख्या– 276/241/एनयूएलएम/तीन/2001(CB&T) दिनांक 31.03.2016 का संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें, जिसके क्रम में वित्त नियंत्रक सूडा, उ0प्र0 द्वारा पत्र संख्या–4544/38/76/एक/2015–16 दिनांक 04.03.2016 के माध्यम से शहरों को धनराशि शहर मिशन प्रबन्धक इकाई के खाते में हस्तान्तरित की जा चुकी है।

उल्लेखनीय है कि विगत दिनांक 18.07.2016 को आयोजित मासिक समीक्षा बैठक में शहर मिशन प्रबन्धकों द्वारा अवगत कराया गया था कि उनके यात्रा भत्ता का भुगतान कतिपय शहरों द्वारा नहीं किया गया है। यह अत्यन्त खेद का विषय है कि स्पष्ट निर्देश एवं धनराशि की उपलब्धता के उपरान्त भी भुगतान नही किया जा रहा है। शहर मिशन प्रबन्धकों को यात्रा भुगतान न होने के कारण समय–समय पर राज्य मिशन प्रबन्धन इकाई, सूडा द्वारा कार्यालय कार्यो हेतु बुलाने पर विषम परिस्थितियों का सामना करना पड़ रहा है।

अतः प्रकरण की गम्भीरता के दृष्टिगत आपसे अनुरोध है कि शहर मिशन प्रबन्धकों को उपरोक्त पत्र के आलोक में यात्रा भत्ता का तत्काल भुगतान कराना सुनिश्चित करें।

भवदीय

(शैलेन्द्र कुमार सिंह)
मिशन निदेशक

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु :–

1. समस्त परियोजना अधिकारी/सहायक परियोजना अधिकारी, उ0प्र0 को अनुपालनार्थ।
2. समस्त शहर मिशन प्रबन्धकों को सूचनार्थ।
3. सहायक वेबमास्टर, सूडा उ0प्र0 को वेबसाइट पर अपलोड करने हेतु।

(शैलेन्द्र कुमार सिंह)
मिशन निदेशक